


जगद्गुरु श्री वल्लभाचार्यजी जिन्हें श्री महाप्रभुजी के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म चम्पारण्य में 1479 ई. यानी विक्रम संवत् 1535 में चैत्र माह के कृष्ण पक्ष के 11वें दिन हुआ था। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था जब हिंदू धर्म और संस्कृति कट्टर आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किये जाने के खतरे में थी।

जौं खल भएसि राम कर द्रोही । ब्रह्म रुद्र सक राखि न तोही ॥
बिष्नु कोटि सम पालन कर्ता । रुद्र कोटि सत सम संहर्ता ॥

|| Ram Katha 935 - मानस रुद्रसंहिता || Rudra Prayaag,UK || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 292 | इंदौर, शनिवार 04 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए





# खाचरोद... करोड़ों रुपए की शासकीय भूमि पर माफियाओं का कब्जा !

DGR विशेष @ घनश्याम परमार

**खाचरोद में भू माफिया बेखौफ होकर शासकीय भूमि पर कब्जा करके कॉलोनी बनाकर करोड़ों रुपए का मुनाफा कमाने की तैयारी कर रहे हैं प्रशासन की नाक के नीचे तहसील कार्यालय खाचरोद से 500 मीटर की दूरी पर और खाचरोद पुलिस थाने के सामने कभी उक्त भूमि जिनिंग फैक्ट्री के रूप में शासन द्वारा लीज पर दी गई थी।**



सर्वे नंबर 956 की शासकीय भूमि जिस पर इंद्रमल पिता टेकाजी जाति महाजन द्वारा उक्त भूमि पर वर्षों पहले जिनिग फैक्ट्री लगाकर अपना व्यवसाय चलाया जाता था । इन्द्रमल की मृत्यु के बाद उक्त भूमि वर्षों से रिक्त पड़ी थी लेकिन भू माफियाओं की नजर से नहीं बच सकी। शहर के मध्य भूमि सर्वे नंबर 956 पर अब आदिनाथ इंटरप्राइजेज भागीदार भूपेन्द्र पिता मिश्रीलाल, विजया पति हीरालाल ,हीरालाल पिता शंकर लाल ,हर्ष पिता हेमंत, हेमंत पिता जयंतीलाल, निशा पति देवेंद्र, देवेंद्र पिता सरदार मल, नीतु पति आशीष मूणत जाति जैन निवासी खाचरोद द्वारा सीमेंट कंक्रीट की सड़क और विशाल पानी की टंकी बनाकर कॉलोनी का स्वरूप दिया जा कर , करोड़ों रुपए मुनाफा कमाने की योजना बनाकर अब 10 बीघा शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया गया है लेकिन रजिस्ट्री और नामांतरण कैसे हुआ यह अभी तक नगर की जनता के बीच रहस्य बना हुआ है।

साथ ही शासकीय भूमि पर कॉलोनी बनाने से पूर्व डायवर्सन की अनुमति देने वाले भी तो शासन में बैठे अधिकारी ही है। यानी 100% बात सही है की अंधा कानून है इस संबंध में घनश्याम परमार द्वारा नगरहित में आवाज बुलंद करते हुए कलेक्टर, कमिश्नर, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव और रेवेन्यू बोर्ड मोती महल ग्वालियर तक पत्राचार करके शिकायत की गई है । लेकिन शिकायत के बाद भी करोड़ों रुपए की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से करवाया गया नामांतरण अभी निरस्त नहीं किया गया है ।

उल्लेखनीय है कि उक्त भूमि के संबंध में खाचरोद शहर के लोगों द्वारा दबी जुबान से कई प्रकार की बातें हो रही है। साथ ही यदि सर्वे नंबर 956 की शासकीय भूमि शासन के कब्जे में नहीं हुई तो जनहित में घनश्याम परमार द्वारा उच्च न्यायालय की शरण में जाकर उक्त भूमि को भू माफियाओं के उसके चंगुल से मुक्त कराकर शासन के हित में फैसला करवाना का प्रयास भी किया जाएगा ।

# पटवारी के घर बीजेपी महिला मोर्चा का प्रदर्शन

## इमरती पर दिए बयान का विरोध, कांग्रेस का पलटवार- फर्जी भक्तों ने रामजी का पोस्टर भी पैर से रौंदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिंधिया समर्थक पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता इमरती देवी पर टिप्पणी के बाद प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष जीतू पटवारी घिर गए हैं। इंदौर में बीजेपी की महिला कार्यकतार्ओं ने उनके बिजलपुर स्थित घर के बाहर प्रदर्शन किया। कुछ महिलाएं चूड़ियां भी लेकर आई थीं। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इधर, कांग्रेस ने इस प्रदर्शन पर पलटवार किया है। उसने कहा कि ह्यप्रदर्शन का संवैधानिक अधिकार है लेकिन फर्जी रामभक्त मयार्दा भूल गए। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान प्रभु राम के पोस्टरों को भी अपने पैरों तलों रौंद दिया।**



बीजेपी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद महिलाओं नेताओं के साथ पहुंची कार्यकतार्ओं ने पुलिस बैरिकेड्स गिरा दिए। वे पटवारी के घर के मेन गेट तक पहुंच गईं। जूते-चप्पल दिखाए। पोस्टर भी फाड़े। दरअसल, पटवारी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में हंसते हुए कह रहे हैं, ह्यदेखो ऐसा है, अब इमरती जी का रस खत्म हो गया है। जो अंदर चाशनी होती है...उनके लिए अब मैं कुछ बात नहीं कर रहा।

जीतू का 16 सेकेंड का ये वीडियो ग्वालियर का बताया जा रहा है। वे गुरुवार रात कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा से मिलने उनके घर पहुंचे थे। इसके बाद मीडिया से बात की थी। जीतू इससे पहले मुरैना में प्रियंका गांधी की सभा में शामिल हुए थे। प्रियंका कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल नीटू सिकरवार के समर्थन में सभा करने आई थीं।

### विवाद बढ़ा तो इमरती को बड़ी बहन जैसी बताया

मामले के तूल पकड़ने के बाद जीतू ने ट्वीट कर इमरती को अपनी बड़ी बहन जैसी कहा। कहा कि मेरा आशय और मतलब ऐसा नहीं था। मैंने सिर्फ सवाल को टालने के लिहाज से ऐसा कहा था। इमरतीजी बड़ी बहन जैसी हैं और बड़ी बहन मां के समान होती हैं।

# महिलाओं ने मतदान के प्रति बढ़ाई जागरूकता

## ई-व्हीकल के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया

इंदौर। स्वच्छता में नंबर वन शहर को वोटिंग में भी नंबर वन बनाने के लिए शुक्रवार को सुबह शी इंस्पायर क्लब के द्वारा ह्यराइड फॉर चेंज का आयोजन किया गया। सुबह साढ़े 7 बजे गांधी हॉल से शुरू हुई इस राइड में महिलाओं ने ई-व्हीकल के जरिए शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा, कृष्णपुरा छत्री और आसपास के क्षेत्र में मतदान के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस राइड का मकसद विशेष तौर पर महिला वोटर्स को उनके मताधिकार का महत्त्व बताना और मतदान करने के लिए प्रेरत करना था। शी इंस्पायर क्लब की फाउंडर शीतल बड़ोले ने कहा कि देखा जाता है कि महिलाओं का वोटिंग परसेंटेज पुरुषों के मुकाबले कम होता है। हम इसी अंतर को पाटना चाहते हैं, जिसके लिए हम आज इस अवेयरनेस राइड का आयोजन किया था। आयोजक पीयू मित्तल ने कहा सभी राइडर्स ने ई-व्हीकल की सवारी करके लोगों को इकोफ्रैंडली इलेक्ट्रिक ट्रांसपोटेशन अपनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि सभी सस्टेनेबल ग्रीन फ्यूचर की ओर बढ़ सकें।

**पर्यवरण के प्रति भी किया जागरूक-** राइड फॉर चेंज में सिर्फ मतदान के प्रति महिलाओं के नजरिये को ही बदलने का प्रयास नहीं किया गया बल्कि लोगों को पर्यावरण के लिए भी जागरूक करने की कोशिश की गई। इस अवेरनेस राइड का हिस्सा बनी किरण अग्रवाल ने कहा कि हमारा इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है इसलिए अब हमें अपने शहर की आबोहवा को भी स्वच्छ बनाने की ओर अग्रसर होना होगा। शीतल चौहान कहती है कि ई-व्हीकल्स के लिए समाज में एक्सेप्टेंस अब बढ़ने लगा है, यदि हम सभी आवागमन के लिए इनका उपयोग करेंगे तो हर दिन होने वाले प्रदुषण को काफी हद तक कम कर सकते हैं। यह छोटी-सी पहल भी पर्यावण संरक्षण में अहम् भूमिका निभायेंगी। पूनम पंजवानी कहती हैं कि समय के साथ जब हम अपनी सोच और जीवनशैली में परिवर्तन लाते हैं तभी विकास संभव होता है। इस राइड उद्देश्य लोगों को जागरूक करना था ताकि वे अपनी सोच बदलकर इस समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें।

# पारा 1 डिग्री लुढ़का, गर्मी से नहीं राहत

## लू से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में पिछले 24 घंटे में दिन का पारा 1 डिग्री लुढ़का है लेकिन गर्मी से खास राहत नहीं है। रात के तापमान में 1 डिग्री का इजाफा हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों ने आज भी गर्म हवाएं चलने का अनुमान जताया है। दूसरी ओर गर्मी को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग ने पशुओं को लू से बचाने के लिए एडवाइजरी लागू की है।**

बुधवार को दिन का तापमान 38.5 (-2) डिग्री और रात का तापमान 21.4 (-2) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। गुरुवार को दिन में 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवा चली। इस दौरान तापमान 37.8 (-3) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। रात का तापमान 1 डिग्री बढ़कर 22.2 (-2) डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। खास बात यह कि दिन और रात का तापमान मई के दो दिनों में औसत से 2 से 3 डिग्री कम है। इसके बावजूद गर्मी का खासा अहसास है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक प्रकाश धावले के मुताबिक ईरान की ओर से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इस वजह से 6 और 7 मई को पूर्वी मध्य प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। अगले दिनों कुछ दिनों में हीट वेव का असर भी रहेगा।

### पशुओं को लू से ऐसे बचाएं

उधर, गर्मी को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा सलाह दी गई है कि पशुओं के लिए पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएं। पक्षियों के लिए भी छत में पानी का बर्तन रखे और उसे भरते रहे। पशुओं को पर्याप्त हवा और छायादार स्थान उपलब्ध कराएं। पशुओं को रखने एवं बांधने का स्थान, स्वच्छ, हवादार एवं रोशनदानयुक्त हो, यह सुनिश्चित किया जाएं। पशुओं के ऊपर पानी का छिड़काव करें। व्यवसायिक और खेती में काम आने वाले पशुओं से दोपहर तेज धूप में काम न लिया जाएं।

### लू लगने के लक्षण

पशुओं के शरीर का तापमान 41 से लेकर 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। उनकी चाल सुस्त हो जाती है और खाना पीना छोड़ देते है। पशु जीभ बाहर निकाल कर कठिनाइयों से सांस लेता है। ऐसे में वह पशु बेहोश भी हो सकता है। अपने पशुओं में ऐसे लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क किया जा सकता है।

## मतदान दलों का सात दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

# पहले दिन ढाई हजार मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में लोकसभा निर्वाचन के लिए 13 मई को होने वाले मतदान के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। 13 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। मतदान दलों में नियुक्त किये जाने वाले मतदान कर्मियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। आगामी 9 मई तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 14 हजार मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहले दिन आज ढाई हजार मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया।**





यह प्रशिक्षण कार्यक्रम होल्कर साइंस कॉलेज के 38 कमरों में एक साथ दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं मतदान अधिकारी क्रमांक तीन को एक साथ प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक डॉ. आर. के. पाण्डे के निर्देशन में 80 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जा रहा है। आज से होल्कर साइंस कॉलेज में डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान प्रक्रिया भी प्रारंभ हुई। आगामी 8 मई तक डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान कर्मी, पुलिस और निर्वाचन डियूटी में नियुक्त कर्मी मतदान करेंगे। मतदान के लिए जिले के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग कक्ष बनाये गये है।

प्रशिक्षण के दौरान आज मतदान कर्मियों को सुव्यवस्थित रूप से मतदान कराने की प्रक्रिया बताई गई। साथ ही उन्हें उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। मतदान के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों, मॉक पोल आदि के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। मतदान कर्मियों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संचालन के बारे में सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# बुजुर्गों और दिव्यांग के घर-घर जाकर मतदान का सिलसिला आज से प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन के तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान का सिलसिला 4 मई से प्रारंभ होगा। यह सिलसिला 6 मई तक चलेगा। मतदान कराने के लिए 94 दलों का गठन किया गया है। उक्त कार्य की प्रभारी अधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियंका चौरसिया ने बताया कि उक्त मतदान दलो को शासकीय माध्यमिक उच्चतर विद्यालय मोतीतबेला से निर्धारित दिनों में सुबह 7 बजे मतदान सामग्री वितरित की जायेगी। मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान दल मतदान सामग्री और मत पत्र कलेक्टर कार्यालय में स्थित कोषालय के स्ट्रांग रूम में जमा करेंगे। उन्होंने बताया कि इंदौर में 85 वर्ष से अधिक आयु के 2 हजार 391 मतदाताओं तथा 443 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर से मतदान करने की सहमति दी है।

# महिला को बातों में उलझाकर ले उड़े टाप्स-सोने की चेन

## शिकायत के बाद दो बदमाशों पर पुलिस ने दर्ज किया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महिला को बातों में उलझाकर दो बदमाश सोने के कान के टाप्स और गले की चेन लेकर चले गए। पुलिस को महिला ने दोनों का हुलिया बताया है। शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।**

राऊ थाना पुलिस के अनुसार उज्जवलता पाटीदार 46 साल निवासी सांई शक्ति नगर राऊ की शिकायत पर दो अज्ञात लोगों को खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज किया है। घटना लवकुश खली दुकान के सामने एबी रोड राऊ की है। महिला ने पुलिस को बताया कि मुझे रास्ते में दो व्यक्ति मिले। दोनों मुझे बातों में उलझाते रहे और कहा कि तुम्हारे गले की चेन, कान के टाप्स उतार कर थैली में डाल कर दे दो। नहीं तो आगे कुछ हो जाए तो हमको मत बोलना। उनकी बातों में आकर कान में पहने टाप्स (सोने के आधा तोले) और गले में पहनी सोने की चेन (करीबन डेढ तोले) उतारकर थैली में डालकर मोटे वाले व्यक्ति के हाथ में दे दी।

बदमाशों ने महिला से कहा कि चुपचाप जिस दिशा से आई उसी दिशा मे चली जाना, पलटकर मत देखना नहीं तो कुछ हो जाए तो हमसे मत कहना। महिला घबरा गई थी। थोड़ी दूर पर जाने के बाद महिला वापस आई तो दोनों बदमाश मौके पर नहीं थे। बातों में उलझाकर, ध्यान भटकाकर महिला को धोखे में रख धोखाधड़ी की गई। बदमाश कान के टाप्स और सोने की चेन लेकर चले गए। महिला ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति करीबन 30-35 साल का मोटा-सा था और उसका रंग सांवला था। जबकि दूसरा साथी चेक्स वाली शर्ट गले में गमछा डाले था।

# धीरेंद्र शास्त्री की कथा में महिला का हार चोरी

### महिला चोर होने की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनकेश्वरी मैदान पर चल रही पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा में महिलाओं के गले से सोने की चेन चोरी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को भी कथा के बाद एक महिला के गले से सोने का हार किसी ने चुरा लिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

हीरा नगर थाना पुलिस के अनुसार फरियादी लता मौर्य उम्र 45 साल निवासी भाग्यश्री कॉलोनी ने बताया की वो 2 मई को दोपहर 12 बजे पं.धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने कनकेश्वरी मैदान पर गई थी। कथा स्थल पर लगे पांडाल में पहुंची तो वहां पर कुछ महिलाएं चारों तरफ से धक्का-मुक्की करने लगी। जोर का धक्का लगने से वे नीचे गिर गई। इस बीच गले में पहना हार पेंडल सहित उन महिलाओं में से किसी ने निकाल लिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बता दें कथा में अन्य महिलाओं के साथ भी चेन चोरी की घटना हो चुकी है। पुलिस को महिलाओं के द्वारा शिकायत की गई है। कथा में चेन चुराने वालों में महिलाएं ही शामिल है।

# एक्टिवा की डिक्की से जेवर और रुपए चोरी

## बुजुर्ग डेरी पर दूध लेने रुके, वापस लौटे तब तक हो चुकी थी चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। डेरी पर दूध लेने गए बुजुर्ग से लूट की घटना हो गई। बुजुर्ग डेरी से वापस लौटे तो एक्टिवा की डिक्की में रखे जेवर और रुपए गायब थे। डीपी ज्वेलर्स से बुजुर्ग ने जेवर खरीदे थे। संभावना है कि बदमाश बुजुर्ग का पीछा कर रहे थे और मौके की तलाश में थे। जैसे ही दूध लेने के लिए रुके बदमाशों को मौका मिल गया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।**

भंवरकुआं थाना पुलिस के अनुसार फरियादी अगस्त्य कुमार चौधरी उम्र 66 साल निवासी बीजे विहार कालोनी की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना चितावद सावरिया दूध डेरी के पास चितावद रोड की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने डीपी ज्वेलर्स तुकोगंज से सोने के दो आभूषण खरीदे थे। जेवर एक्टिवा की डिक्की में डीपी ज्वेलर्स की थैली में नकदी रुपए के साथ रखे थे।

चितावद रोड पर चितावद सावरिया दूध डेरी के पास उन्होंने गाड़ी रोकी सडक किनारे खड़ी कर दूध डेरी से दूध लेने के लिए गए। दूध लेकर वापस आए तो गाड़ी में रखे सोने के दो जेवर और नकद रुपए गायब थे। कोई अज्ञात बदमाश उन्हें चुरा कर ले गया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### पति ने की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक महिला के साथ में पति ने मारपीट कर दी। बताया जाता है कि घर से बाहर जाने की बात पर उनके बीच विवाद हो गया। रेशम चौहान (30) सिलिकॉन सिटी राऊ की शिकायत पर पति जितेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने आरोपी पति से बिना बताए जाने की बात पर विवाद हो गया था। इस परा आरोपी ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं प्रिया सानोकिया (22) द्वारकापुरी की शिकायत पर उसके पति लक्की और यतीशा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# देवगुराड़िया ब्रिज के पास मिले दो लोगों के शव

## डंडों से पीट-पीटकर हत्या की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर इलाके के नेमावर रोड ब्रिज के नीचे एक खेत में शुक्रवार को दो शव मिलने से सनसनी फैल गई। शवों पर कपडे नहीं थे। उनके शरीर पर पिटाई के निशान मिले हैं। एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा के अनुसार प्रारंभिक तौर पर लग रहा है कि किसी ने उन्हें डंडों से पीट-पीटकर दौड़ाकर मार डाला होगा।**

आजाद नगर एसीपी आशीष पटेल के अनुसार एक की पहचान हरिराम करोड़े निवासी अर्जुन नगर के रूप में हुई है। वह मंडलेश्वर का रहने वाला था। वहीं दूसरा युवक महू के पास का बताया जा रहा है। तेजाजी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें सुबह करीब 10 बजे राहगीरों से जानकारी मिली थी कि ब्रिज के पास दो लोगो के शव पड़े है। जिनकी उम्र लगभग 50 और 40 है। जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय में रखवाया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

# दिव्यांगों ने निकाली अनूठी तिपहिया वाहनों की रैली

## मतदाता जागरूकता के लिए निभाया अपना फर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर जिले को मतदान में भी अव्वल बनाने के लिए शहर के दिव्यांगजन भी मतदान करने के प्रति जागरूकता फैला रहे है। इसके लिए आज बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने तिपहिया वाहनों (रेट्रोफिटिंग स्कूटी) के साथ एक आकर्षक रैली निकालते हुये मतदान का संदेश दिया। इनमें सभी आयु वर्ग के दिव्यांगजन शामिल हुए। स्मार्ट सिटी के सीईओ एवं इंदौर शहर के स्वीप गतिविधियों के प्रभारी श्री दिव्यांक सिंह ने रैली को हरी झण्डी दिखाई। नेहरू पार्क से प्रारंभ होकर यशवंत क्लब पर रैली का समापन हुआ। रैली में शामिल सभी प्रतिभागी मतदान के प्रति स्वयं भी काफी




उत्साहित थे।

उन्होंने मतदान से जुड़े संदेशों की तख्तियों को प्रदर्शित करते हुये पूरे उत्साह और जोश के साथ शहर के सभी नागरिकों से मतदान दिवस 13 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने का प्रभावी संदेश दिया। श्री दिव्यांक सिंह ने दिव्यांगजनों से चर्चा कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती सुचित्रा तिर्की सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### युवक से चाकू की नोंक पर लूट

इंदौर। लसूडिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को लूट हो गई। बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक को लूट लिया। दोस्त इंतजार कर रहे युवक को चाकू दिखाया और तीन मोबाइल, कैश,अंगूठी, घड़ी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी निकाले जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक घटना बाईपास स्थित मिडास कैफे के पास (सर्विस लेन) की है। विस्तारा एमरल्ड टाउनशिप में रहने वाले विकास प्रमोद झा दोस्त मीतल गुप्ता का इंतजार कर रहे थे। तभी बाइक पर तीन बदमाश आए। दो बदमाश समीप आए और चाकू अड़ा दिया। आरोपियों ने जान से खत्म करने की धमकी दी और तीन मोबाइल फोन, 8 हजार रुपए कैश, स्मार्ट वाच, सोने की अंगूठी लूटकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की तलाश की जा रही है। बदमाश सुनसान जगहों पर इसी तरह वारदात करते है। टीम को सीसीटीवी फुटेज निकालने के लिए लगाया है।

# धर्मशाला बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक व्यक्ति से अयोध्या में धर्मशाला बुकिंग के नाम पर ठगी की गई। ठग ने उनसे दो बार ट्रांजेक्शन कराते हुए 5520 रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित ने मामले में आजाद नगर थाने पर लिखित शिकायत की है।

शिवरतन बल्दवा निवासी स्कीम नंबर 94 ने बताया कि शिकायत में बताया कि मैंने 29 अप्रैल को अयोध्या में धर्मशाला बुकिंग के लिए गूगल सर्च किया। इसमें बिरला धर्मशाला और उससे जुड़े किसी व्यक्ति का मोबाइल नंबर दिखा। इस नंबर पर संपर्क किया। इस पर संबंधित व्यक्ति ने कहा कि आप दो रूम के 2760 रुपए जमा कर दें, आपकी बुकिंग हो जाएगी। पेमेंट करने के बाद कुछ मिनट बाद मुझे दोबारा कॉल आता है की आपने पूरे 2760 रुपए जमा कर दिए हैं, जो गलत है। आपको 2700 और 60 रुपए अलग-अलग जमा करना होंगे। आप ऐसा कर दें, इसके बाद पुरानी राशि वापस कर दी जाएगी। दूसरी बार राशि भेजने कुछ देर बाद पुनः कॉल आता है और कुछ लिंक खोलने का बोला जाता है। कहा जाता है आप ओटीपी बताएं, पैसे खाते में आ जाएंगे। संदेह होने पर ओटीपी नहीं बताया बल्कि जिस पर पेमेंट किया तो वह बिरला धर्मशाला में जाने के बजाय ड्रीम जनरल स्टोर का बताया गया।

### शातिर बदमाश पकड़ाया, जेल भेजा

**इंदौर।** शराब की दुकान के बाहर से पुलिस ने एक शातिर बदमाश को पकड़ा और जेल भेजा है। पकड़ाए आरोपी का नाम अजय उर्फ अज्जू है। उस पर रासुका की कार्रवाई की गई है। उस पर डकैती की योजना , हत्या का प्रयास, शासकीय कर्मचारियों पर हमला, अवैध हथियार रखना, अड़ीबाजी, मारपीट सहित कई मामले दर्ज है।

### चाकूबाजी में युवक घायल

**इंदौर।** आमिर पिता इशाक खान (24) निवासी जल्ला कॉलोनी, खजराना की शिकायत पर भूरा, नफीस के खिलाफ केस दर्ज किया। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसके साथ में गाली- गलौज की और विरोध करने पर चाकू मारकर घायल कर दिया। **यहां भी युवक को चाकू मारा-** इसी प्रकार किशनगंज में एक ढाबे पर कर्मचारी ने युवक को चाकू मार दिया। आरोपी से बिल को लेकर उनके बीच में विवाद हो गया। मामूली कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया और उसने चाकू मारकर घायल कर दिया। करण पिता प्रेम भवानी (27) निवासी लोधा कॉलोनी महूनाका की शिकायत पर भगवती ढाबे के कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। करण ने पुलिस को बताया कि वह ढाबे पर खाना खाने के लिए गए थे। वहां पर खाना खाने के बाद बिल भुगतान को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर दी और चाकू निकाल लिया और उसे मार दिया। आसपास के लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

# महिला मेडिकल ऑफिसर को डिजिटल अरेस्ट कर 38 लाख ठगे

## म्यांमार में 60 लोगों की आंख निकालने, ड्रग्स केस में गिरफ्तारी का दिखाया डर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आया है। एक महिला मेडिकल ऑफिसर को डिजिटल अरेस्ट कर 38 लाख रुपए ठग लिए गए। परिवार कल्याण केन्द्र में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुजाता बापट को ह्यूमन ट्रैफिकिंग व मनी लॉड्रिंग का केस दर्ज कराने का डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी कर ली। ठगों ने महिला ऑफिसर को 9 अप्रैल को फोन कर झांसे में लिया। लगातार 22 दिन तक उसे डिजिटल अरेस्ट (फोन के माध्यम से घर से बाहर निकलने और किसी से बात नहीं करने दी।**

एक मई को जब सुजाता ने पति को ठगों की बात करवाई कराई, तो उन्होंने कहा कि वह सीबीआई अफसर अजय यादव से बात कराएं। इस पर ठग बोला कि आपके साथ स्कैम हो गया। अब आप इस टेलीग्राम ग्रुप से बाहर हो जाइए। साइबर थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराइए।



इसके बाद पति-पत्नी गुरुवार शाम पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह को जानकारी दी। एसपी ने क्राइम ब्रांच प्रभारी अजय पवार को जांच कर एफआइआर के निर्देश दिए हैं। ग्वालियर में एक माह के अंदर महिलाओं को डिजिटली अरेस्ट कर बड़ी ठगी की यह दूसरी घटना है। इससे पहले, वृद्ध शिक्षिका आशा भटनागर से 51 लाख रुपए की ठगी की गई थी, जिसमें सरगना समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभी पड़ताल जारी है।

### रुपए लेकर वॉट्सएप पर भेजे दस्तावेज

सीबीआई अफसर बने ठग ने बताया कि म्यांमार में 60 लोगों के आंख, नाक, कान निकालने पर 3.80 करोड़ रुपए आपके एचडीएफसी बैंक के अकाउंट में पहुंचे हैं। इस पर डॉ. सुजाता ने कहा कि उनका एचडीएफसी बैंक में खाता ही नहीं है। ठग ने यह भी कहा कि आप का केस निपटने पर रकम वापस हो जाएगी। रुपए जमा कराने पर उन्हें वाट्सएप पर दस्तावेज भी भेजे गए।

# भोपाल की महिला डॉक्टर से जयपुर में रेप

## आरोपी डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर बार-बार किया दुष्कर्म, बंधक बनाकर मारपीट भी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल की महिला डॉक्टर से जयपुर में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी भी डॉक्टर है। जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहा है। उसने युवती को शादी का झांसा देकर जयपुर बुलाया, फिर मर्जी के खिलाफ संबंध बनाए। जल्द शादी करने का भरोसा देकर चार महीने तक बार-बार ऐसा किया।

युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी अपनी बात से मुकर गया। इस पर महिला डॉक्टर ने भोपाल की खजूरी सड़क थाना पुलिस से शिकायत की। जहां जीरो कायमी कर केस डायरी जयपुर पुलिस को भेज दी गई। राजस्थान पुलिस ने जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

**दिल्ली में हुई थी मुलाकात-**

पुलिस के मुताबिक, छिंदवाड़ा की रहने वाली 27 वर्षीय महिला डॉक्टर भोपाल के मेडिकल कॉलेज से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही है। फिलहाल कॉलेज के हॉस्टल में ही रहती है। जनवरी 2023 में दिल्ली एम्स में मेडिकल कॉन्फ्रेंस के दौरान उसकी मुलाकात जयपुर के डॉक्टर दर्शन राठौर से हुई थी। दोनों में वहीं दोस्ती हो गई। फोन पर बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। प्रेम संबंध गहराए तो सगाई भी कर ली।

दर्शन ने 24 दिसंबर 2023 को शादी की बातचीत करने के बहाने युवती को जयपुर बुलाया। उसे एसएमएस अस्पताल के पास मकान नंबर 63 में ठहराया। दर्शन ने कहा, अब हम जल्द शादी करने वाले हैं। युवती की मर्जी के खिलाफ पहली बार संबंध बनाए।

## भाजपा विधायक ने टीआई को धमकाया पटवा ने कहा-

# ऐसी जगह फेंकवाऊंगा कि वापस नहीं आएगा, शिवराज की सभा में माइक बंद होने पर भड़के



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडीदीप। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की चुनावी सभा में माइक बंद हुआ तो उन्होंने भाषण रोक दिया। घड़ी दिखाते हुए पूछा- माइक कैसे बंद कर दिया? अभी दस नहीं बजे हैं, चालू करो। वहीं, मंच पर मौजूद विधायक सुरेंद्र पटवा ने थाना प्रभारी को धमका दिया। पटवा ने कहा, इधर आ, ऐसी जगह फेंकवाऊंगा कि वापस नहीं आएगा। गुरुवार रात की सभा का ये वीडियो शुक्रवार को सामने आया।**

पूर्व सीएम और विदिशा से लोकसभा प्रत्याशी शिवराज प्रचार करने मंडीदीप पहुंचे थे। उन्होंने दुर्गा मंदिर से रोड शो किया। इसके बाद वे एक चुनावी सभा को संबोधित करने सतलापुर चौराहे पर पहुंचे। रात के 10 बजते के आसपास माइक बंद हो गया। इस पर विधायक सुरेंद्र पटवा थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर पर भड़क गए। यह देख शिवराज भी कुछ पल असहज दिखाई दिए। हालांकि, इसके बाद माइक पुनः चालू कर दिया गया। शिवराज ने अपना भाषण शुरू कर दिया।

### एसपी बोले- टेक्निकल प्रॉब्लम के चलते साउंड बंद

रायसेन एसपी विकास कुमार शहवाल का कहना है कि रात 10 बजे के दो या तीन मिनट पहले टेक्निकल इशू के चलते माइक बंद हुआ था, जो कुछ सेकेंड में फिर चालू हो गया। अभी किसी प्रकार कोई शिकायत नहीं आई है।

### कांग्रेस ने कहा- अशोभनीय और निंदनीय कृत्य

प्रदेश कांग्रेस ने सुरेंद्र पटवा का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा- बीजेपी का अहंकार देखो, चुनाव आचार संहिता का पालन कराने पर बीजेपी के मंच से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सवाल किए और सुरेंद्र पटवा ने थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर को बदतमीजी करते हुए धमकाया। शिवराज जी, एक पूर्व मुख्यमंत्री का यह स्तर? बेहद अशोभनीय और निंदनीय कृत्य।

# झेलम एक्सप्रेस में बम की खबर से हड़कंप

## भोपाल के स्टेशन पर ट्रेन की चैकिंग, जीआरपी ने पुणे के युवक को हिरासत में लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। पुणे से जम्मू तवी जाने वाली 11077 झेलम एक्सप्रेस में बम सूचना के बाद हड़कंप मच गया। जिस वक्त ट्रेन में बम होने की सूचना मिली ट्रेन भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन के नजदीक थी। जीआरपी ने ट्रेन के एस-9 कोच में बम होने की बात कहने वाले यात्री को हिरासत में ले लिया है। आरोपी पुणे का रहने वाला विश्वास राव मोरे हैं।**

आरकेएमपी थाना के एसएचओ सुनील अरजरिया ने बताया कि बम की सूचना देने वाला यात्री पुणे का विश्वास राव मोरे हैं। वो भी एस-9 कोच में सफर कर रहा था। उसके पास से आधारकार्ड और पासपोर्ट जब्त किए हैं। उसी ने टीसी को एस-9



कोच में बम होने की सूचना दी थी। इसके बाद टीसी ने ये जानकारी हमको दी। आरोपी यात्री के पास से पुणे से झांसी तक का टिकट मिला है। झांसी से कानपुर पहुंचने के बाद वो किसी मंदिर में जाने की बात कह रहा है। उसने बताया है कि वो मन्नत मांगने के लिए मंदिर जा रहा था। उसकी पत्नी 6 साल पहले छोड़ चुकी है। पुणे पुलिस को इस मामले की जानकारी दे दी गई है।

### बम की बात कहने वाला युवक हिरासत में

स्लीपर कोच सहित पूरी ट्रेन को आरपीएफ व जीआरपी ने सर्च किया। मौके पर डॉग स्क्वॉड को भी बुला लिया गया। इस दौरान पुलिस ने उस यात्री को भी हिरासत में लिया गया, जिसने बम होने की बात कही थी। पूरी ट्रेन की चैकिंग के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने के बाद 9.50 बजे ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

### युवक मानसिक हालत ठीक नहीं

आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव ने कहा, ट्रेन के एक यात्री ने कहा कि ट्रेन में बम है। इसके बाद ट्रेन की तलाशी ली गई। इस पूरे प्रोसेस में एक घंटे से ज्यादा लग गया। बम की बात कहने वाला युवक मानसिक रूप से बीमार नजर आ रहा है। पूछताछ के बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा।

# पत्नी से अननैचुरल सेक्स रेप नहीं

## जबलपुर हाईकोर्ट में महिला ने पति के खिलाफ लगाई याचिका, एफआईआर निरस्त करने के आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई में कहा है कि पत्नी से अननैचुरल सेक्स रेप की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए यह सजा योग्य नहीं है। कोर्ट ने मामले में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने के आदेश दिए हैं। सुनवाई गुरुवार को जस्टिस जीएस अहलूवालिया की कोर्ट में हुई।**

जबलपुर के रहने वाले शख्स की शादी 18 मई 2019 में नरसिंहपुर की युवती से हुई थी। कुछ दिन बाद दोनों में विवाद होने लगा। दोनों के परिवार वालों ने



समझाया, लेकिन बात नहीं बनी। महिला ने 2021 में पति समेत सास-ससुर और ननद के खिलाफ नरसिंहपुर में कोतवाली थाने में दहेज मांगने और मारपीट की शिकायत कर दी। इस पर मनीष ने भी जबलपुर कुटुम्ब न्यायालय में तलाक के लिए अर्जी लगा दी। यह केस अभी विचाराधीन है।

### महिला ने की अप्राकृतिक यौन संबंध की शिकायत

24 अक्टूबर 2023 महिला ने पति के खिलाफ नरसिंहपुर कोतवाली में फिर से आईपीसी की धारा 377, 506 के तहत शिकायत कर दी। नरसिंहपुर पुलिस ने जीरो पर केस दर्ज कर मामला जबलपुर कोतवाली भेज दिया। 14 फरवरी 2023 में पति ने इस एफआईआर के खिलाफ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में चुनौती दी।

### कोर्ट का तर्कः पति-पत्नी पर लागू नहीं धारा 377

याचिकाकर्ता के वकील साजिदउल्ला ने बताया कि महिला ने अपने पति पर जबरन संबंध बनाने और अप्राकृतिक यौन संबंध का आरोप लगाया था। चूंकि दोनों का लंबे समय से विवाद चल रहा है। हाईकोर्ट ने यह कहते हुए एफआईआर को निरस्त करने के आदेश दिए हैं कि पति-पत्नी जहां पर होते हैं, वहां धारा 377 लागू नहीं होती। भारतीय कानून में मैरिटल रेप को अपराध नहीं माना गया है।

## संपादकीय

# सबक लेने की जरूरत

*सकारात्मक माना जाता है। मगर इस तरह के शौक में कोई अपना विवेक या सूझ-बूझ की क्षमता ही खो दे, तो यह न सिर्फ एक बेमानी चलन की भेड़चाल में शामिल होना है, बल्कि जानलेवा जोखिम को न्योता देना भी है। जब से स्मार्टफोन के साथ हर हाथ में कैमरा पहुंचा है, तब से काफी लोगों के भीतर एक विचित्र-सी मनोदशा का विकास होता देखा जा सकता है, जिसमें वे मौके-बेमौके बिना किसी मायने के अपनी तस्वीरें उतारते रहते हैं। इसका विस्तार सोशल मीडिया पर खुद को अभिव्यक्त करने के रूप में हुआ और हर वक्त अपनी तस्वीर या फिर वीडियो बना कर प्रसारित कर देना मानो किसी जरूरी काम की तरह देखा जाने लगा। विडंबना यह है कि इस शौक ने विवेक को जिस बुरी तरह प्रभावित किया, उसका खमियाजा केवल आपसी व्यवहारों के स्तर पर नहीं उठाना पड़ा, बल्कि इस वजह से मौत की घटनाएं भी बढ़ती गई हैं। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि सोशल मीडिया पर रील के आकर्षण में वीडियो बनाने की कोशिश में हादसे का शिकार होकर किसी युवा की जान चली गई। ये नाहक और बिना किसी कारण के होने वाली मौतें हैं, जिनके पीछे महज विवेकशून्य होकर अपने किसी शौक को पूरा करने की भूख मुख्य वजह है। हरिद्वार में बुधवार को बीस वर्ष की एक छात्रा ने रेल की पटरी पर रील बनाने की कोशिश की और उसी समय आई ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी जान चली गई। जिस बच्ची को अभी पढ़ाई-लिखाई करनी थी, खेलना-कूदना था और भविष्य बेहतर बनाने के सपने देखने थे, वह सिर्फ रील बनाने के शौक में मारी गई। इस तरह की घटनाओं का एक सिलसिला-सा चल पड़ा है। ऐसा लगता है कि विवेक का उपयोग करने के बजाय इस तरह की भेड़चाल में शामिल हो गए लोगों के पास सही वक्त पर फैसला लेने की क्षमता भी नहीं बचती और इसी क्रम में वे किसी जानलेवा हादसे का शिकार हो जाते हैं। आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता हमारी जीवन-स्थितियों में गुणात्मक सुधार लाती है, लेकिन बेलगाम और गैरजरूरी तरीके से इसके इस्तेमाल में डूब जाना वक्त बर्बाद करने का जरिया बनने से लेकर जानलेवा तक साबित हो सकता है।*

**अर्ज किया है..!**

*मैं फर्द नहीं हूँ महफिल की,*
*एक मुक्कमल महफिल हूँ।*
*महफिल न रहेगी महफिल फिर,*
*गर मुझको उठाया महफिल से।।*




शेखचिल्ली का यह किस्सा उसके भाई से जुड़ा है। शेख अपने भाई से खूब प्यार करता था। दोनों कुछ घंटों की दूरी पर अलग-अलग गांव में रहते थे। एक दूसरे का हाल खबर जानने के लिए दोनों चिट्ठी का सहारा लिया करते थे। एक दिन शेखचिल्ली को पता चला कि उसका भाई बीमार हो गया है। उसके मन में हुआ कि अब जल्दी से भाई को चिट्ठी लिखकर उसका हाल जान लेता हूं। उसने ऐसा ही किया और करीब एक घंटे बैठकर बड़ा सा खत लिख लिया।

उस समय डाक पहुंचाने की सुविधा नहीं थी, इसलिए लोग एक गांव से दूसरे गांव जाने वाले व्यक्ति के हाथ में चिट्ठी और कुछ पैसे देकर उसे पहुंचाने के लिए कह देते थे। शेखचिल्ली का भाई जिस गांव में था वहां एक नाई का आना-जाना लगा रहता था। वो तुरंत उस नाई के पास गया और कहने लगा कि आप मेरे भाई तक इस चिट्ठी को पहुंचा दो।

नाई ने खांसते हुए कहा कि देखो भाई! मेरी तबीयत कुछ ठीक नहीं है, इसलिए मैं कुछ दिनों तक उस गांव में नहीं जाने वाला हूं। तुम किसी और के हाथ इस चिट्ठी को भिजवा दो। शेखचिल्ली ने अपने गांव से भाई के गांव जाने वाले हर इंसान से पूछा, लेकिन सबने चिट्ठी पहुंचाने से मना कर दिया। कोई बीमार था, किसी को जरूरी काम थे और कुछ लोग अभी दूसरे गांव जाना नहीं चाहते थे।

काफी कोशिशों के बाद भी चिट्ठी पहुंचाने का इंतजाम न होने पर गुस्से में शेखचिल्ली खुद ही अपने भाई के गांव निकल गया। पूरे एक दिन पैदल चलने के बाद वो अपने भाई के घर पहुंचा। उसने वहां पहुंचकर भाई के घर का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही भाई बाहर आया, तो उसने उसके हाथों में खुद की लिखी चिट्ठी थमा दी और वापस लौटने लगा।

शेखचिल्ली को रोकते हुए उसके भाई ने कहा, "अरे, तुम कहा जा रहे हो। इतनी दूर से यहां आए हो, कुछ देर बैठो और मेरे साथ बातें करो।" शेखचिल्ली ने उसकी एक न सूनी। तब उसके भाई ने पूछा, "क्या तुम मुझसे नाराज हो।"


जवाब देते हुए शेखचिल्ली ने बताया कि मैं तुम्हें चिट्ठी भिजवाने के लिए बहुत से लोगों के घर गया, लेकिन कोई भी तुम्हारे पास चिट्ठी लेकर आने को तैयार नहीं हुआ। आखिर में परेशान होकर मैं खुद ही नाई की जगह तुम्हें चिट्ठी देने के लिए आया हूं। अब मैं नाई की जगह तुम्हारे घर आया हूं, तो मैं तुम्हारे साथ व्यवहार भी वैसा ही करूंगा।

अगर मुझे तुमसे मिलने आना होता, तो मैं खुद ही नहीं आ जाता। मैं नाई की जगह चिट्ठी देने के लिए क्यों तुम्हारे पास आता। शेखचिल्ली की बातें उसके भाई के बिल्कुल भी समझ नहीं आ रही थी। उसके मन में हुआ कि ये आया तो खुद ही है, लेकिन कहता है कि नाई की जगह आया हूं, इसलिए तुमसे मिलूंगा नहीं। इतने में शेखचिल्ली ने कहा कि तुम इस चिट्ठी को अच्छे से पढ़ लेना और इसका जवाब अपने भाई को भिजवा देना। अब मैं नाई की जगह यहां आया हूं, तो मैं वापस चलता हूं। इतना कहकर शेखचिल्ली अपने घर की ओर निकल गया।

**कहानी से सीख**

हमें हमेशा अपने दिमाग का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही किसी बात पर डटे रहने की जगह सामने वाले की बात को सुनकर समझने की कोशिश करनी चाहिए।

## रंग भरो



Rajasthan

# बेटी की love Marriage से खफा था परिवार, दामाद को प्यार से कार में बिठाया और हाइवे पर काट दी नाक

**पाली, (एजेंसी)** राजस्थान के पाली-जोधपुर हाइवे पर हैरान कर देने वाली घटना हुई है. एक लड़की द्वारा लव मैरिज किए जाने पर उसके परिजनों ने उसके पति की नाक काट दी और फिर उसकी पिटाई भी कर दी.

पुलिस ने बताया कि युवती के लव मैरिज करने से उसका परिवार नाराज था जिसके बाद उन्होंने उसके पति को पीटा और फिर उसकी नाक काट दी. पुलिस के मुताबिक महिला का परिवार नए जोड़े को अपनी कार में ले गया और झंवर गांव के पास ले जाकर उसकी पिटाई शुरू कर दी. उन्होंने बताया कि युवक (लड़की के पति) ने अपने परिवार के सदस्यों को घटना के बारे में सूचित किया जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया.



पाली के ट्रांसपोर्ट नगर की थाना प्रभारी अनिता रानी ने बताया कि महिला के दो भाइयों सुनील और दिनेश समेत पांच लोगों के खिलाफ अपहरण और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक चेलराम टाक (23) और उसकी पत्नी पाली के इंदिरा नगर में किराए के मकान में रहते थे. पुलिस ने बताया कि यह जोड़ा जोधपुर के झंवर गांव का रहने वाला था और एक-दूसरे के साथ रिश्ते में थे. इस साल मार्च में उन्होंने शादी कर ली थी.

पुलिस के मुताबिक, गुरुवार रात महिला के परिजन पाली स्थित उनके घर पहुंचे. उन्होंने बताया कि उन्हें अब इस शादी पर कोई आपत्ति नहीं है, महिला के परिजन दोनों को एक कार में ले गए और जोधपुर ले जाते समय उन्होंने चलती कार में चेलराम की पिटाई शुरू कर दी.

Uttarpradesh

## 'रोज लेट आती हो...', प्रिंसिपल ने टीचर को टोका तो हो गई मार पीट, नोंचे गाल- फाड़े कपड़े



**आगरा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के आगरा में मिडिल स्कूल में महिला प्रिंसिपल और एक महिला टीचर मामूली बात पर बुरी तरह भिड़ गए. बात हाथापाई तक आ गई. प्रिंसिपल और टीचर के बीच मारपीट बहस और खींचतान का स्कूल में किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया.

घटना के 4 वीडियो वायरल हो रहे हैं. पहला वीडियो 45 सेकंड का है. दूसरा 3 मिनट 51 सेकेण्ड का है. तीसरा 1 मिनट 13 सेकेण्ड और चौथा वीडियो 52 सेकेण्ड का है. पहले 45 सेकेण्ड के वीडियो में महिला प्रिंसिपल टीचर को स्कूल लेट आने के लिए टोक रही है जिस वजह से दोनों में बहस हो जाती है.टीचर भी प्रिंसिपल पर चार दिनों से लेट आने का आरोप लगा रही है. मौजूद स्टॉफ के लोग प्रिंसिपल को चुप हो जाने के लिए बोलते रहते हैं लेकिन दोनों में विवाद बढ़ता जाता है. दूसरे 3 मिनट 51 सेकेण्ड के वीडियो में दोनों के बीच तीखी बहस चल रही है. दोनों एक दूसरे के लिए अभद्र भाषा यूज कर रहे हैं. टीचर प्रिंसिपल से कहती है कि तुझे नौकरी करना सीखा दूंगी,जिससे प्रिंसिपल और ज्यादा भड़क जाती है. वहां मौजूद लोग दोनों को बहस न करने की सलाह दे रहे हैं लेकिन दोनों के बीच बहस चलती रहती है.थोड़ी ही देर में प्रिंसिपल और टीचर की ये बहस मारपीट का रूप ले लेती है. जानकारी के अनुसार यह पुरा मामला थाना सिकंदरा क्षेत्र के सींगना गांव स्थित प्राइमरी स्कूल का है.

Uttarakhand

## मसूरी-देहरादून रोड पर चूनाखाल के पास एक वाहन गहरी खाई में गिरा, पांच लोगों की मौत, एक घायल

**मसूरी, (एजेंसी)** मसूरी-देहरादून मार्ग पर चूनाखाल के पास शनिवार सुबह करीब पांच बजे एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया।



हादसे में चार युवकों समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल बताई जा रही है। वाहन में कुल छह लोग सवार थे। शहर कोतवाल अरविंद चौधरी ने बताया की हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जिसमें से दो और लोगों ने दम तोड़ दिया। हादसे में जान गंवाने वालों में चार युवक और एक युवती शामिल हैं। जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल है।

Jharkhand

## पीटी करते-करते बेहोश होकर गिरा, पांचवीं के छात्र की मौत, पिता ने कोविड वैक्सीन पर जताया शक

**रामगढ़, (एजेंसी)** झारखंड के रामगढ़ के राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की सुबह पीटी के दौरान 12 वर्षीय छात्र आर्यन कुमार अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। आर्यन स्कूल हॉस्टल में रहकर पांचवीं कक्षा में पढ़ रहा था। वह मांडू के बसंतपुर नीम टोला निवासी नेहरू कुमार गंझू का पुत्र था। मौत का कारण क्या है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस मामले में डीईओ नीलम शर्मा ने स्कूल प्रबंधन से स्पष्टीकरण पूछा है। साथ ही डीएसई संजीत कुमार के नेतृत्व में जांच टीम भी बनाई है। यह टीम शनिवार को स्कूल जाकर जांच करेगी।

इधर, मृत छात्र के पिता नेहरू गंझू ने बताया कि उनका बेटा सेहतमंद था। अचानक गिरने से उसकी मौत समझ में नहीं आ रही है। आर्यन को 2021 में कोरोना का टीका (कोविशील्ड) लगा था और वह बिल्कुल स्वस्थ था। रामगढ़ के सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी ने बताया कि सदर अस्पताल में आर्यन के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है। विसरा सुरक्षित रखा गया है। रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दिन में दो बजे शव परिजनों को सौंप दिया। राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्र आर्यन को गिरने के बाद उसे तीन अस्पताल ले जाया गया, तब जाकर उसकी मौत की पुष्टि हुई। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, छात्रावास में रहने वाले सभी छात्रों की रोज सुबह गिनती होती है।

खेल

# मुंबई की प्लेऑफ की उम्मीदों को लगा झटका, कोलकाता क्वालिफाई करने के करीब, स्टार्क ने बरपाया कहर

**मुंबई, (एजेंसी)** कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 24 रनों से हरा दिया। मुंबई की इस हार ने उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को लगभग खत्म कर दिया है। वहीं, केकेआर के खाते में 14 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में श्रेयस अय्यर की टीम दूसरे स्थान पर है और प्लेऑफ के लिए क्वलीफाई करने की कगार पर है। मुंबई -0.356 नेट रनरेट के साथ नौवें पायदान पर है।



170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। पावरप्ले में एमआई ने 46 रनों के स्कोर पर तीन विकेट खो दिए। ईशान किशन 13, नमन धीर और रोहित शर्मा 11-11 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे सूर्यकुमार यादव ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने 35 गेंदों में 56 रन बनाए। 360 डिग्री बल्लेबाज ने 30 गेंदों में पचासा लगाया। यह उनके आईपीएल करियर का 24वां अर्धशतक है। वहीं, टिम डेविड 24 रन बनाने में कामयाब हुए। मुंबई के लिए तिलक ने चार, नेहल ने छह, पांड्या ने एक, गेराल्ड ने आठ, पीयूष शून्य और जसप्रीत (नाबाद) ने एक रन बनाया। मुंबई की टीम 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

19वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट चटकाए। उन्होंने टिम डेविड, पीयूष चावला और गेराल्ड कोएत्जी को आउट किया। इस मैच में उन्होंने चार विकेट चटकाए। वहीं, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल ने दो-दो विकेट लिए।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स का बल्लेबाजी क्रम मुंबई इंडियंस के खिलाफ संघर्ष करते दिखा। 57 रन के स्कोर पर टीम ने पांच विकेट खो दिए। सॉल्ट-नरेन जैसे बल्लेबाज मुंबई की घातक गेंदबाजी के सामने पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। इस मैच में सॉल्ट ने पांच, रघुवंशी ने 13, श्रेयस अय्यर ने छह, सुनील नरेन ने आठ और रिंकू सिंह ने नौ रन बनाए।

इसके बाद मोर्चा मनीष पांडे और वेंकटेश अय्यर ने संभाला। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 62 गेंदों में 83 रनों की साझेदारी हुई। इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर उतरे पांडे को हार्दिक पांड्या ने आउट किया। वह 42 रन बनाकर लौटे। 17वें ओवर में कोलकाता को दो झटके लगे। आंद्रे रसल इस ओवर में सिर्फ सात रन बना सके।

मुंबई के गेंदबाजों ने इस मैच में कहर बरपाया। जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट चटकाए। वानखेड़े स्टेडियम पर उन्होंने अपने 50 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने रमनदीप सिंह, मिचेल स्टार्क और वेंकटेश अय्यर को आउट किया। अय्यर ने मुंबई के खिलाफ 70 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से छह चौके और तीन छक्के निकले। मुंबई के लिए नुवान तुषारा ने तीन, कप्तान पांड्या ने दो और पीयूष चावला ने एक विकेट चटकाया। कोलकाता की टीम 19.5 ओवर में 169 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

सिनेमा

# एक्टर्स के बराबर काम लेकिन फीस मिलती है कम, इंडस्ट्री के इस रवैये से परेशान लारा दत्ता



बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता इन दिनों अपने नए शो 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' की कामयाबी एन्जॉय कर रही हैं. 2000s के शुरूआती सालों में इंडस्ट्री की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक रहीं लारा इन दिनों नितेश तिवारी की 'रामायण' के लिए शूट कर रही हैं. रिपोर्ट्स बताती हैं कि लारा 'रामायण' में कैकेयी का रोल कर रही हैं.

अब लारा ने एक नई बातचीत में, इंडस्ट्री में फीस को लेकर हीरो और हीरोईनों के बीच भेदभाव पर खुलकर बात की है. लारा ने बताया कि इंडस्ट्री में फीस को लेकर चलने वाला ये भेदभाव एक पुरानी समस्या है. उन्होंने कहा कि जो बहुत लकी लीड एक्ट्रेस भी है उसे, अपने साथी मेल हीरो के मुकाबले बहुत कम फीस मिलती है.

इंडियन एक्सप्रेस के साथ एक ताजा बातचीत में लारा दत्ता ने कहा कि सिनेमा में एक महिला के तौर पर बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, मगर इसमें सबसे बड़ी है फीस का भेदभाव. लारा ने कहा, 'हम इंडस्ट्री में अपने पुरुष साथियों से ज्यादा नहीं तो उनके बराबर तो मेहनत करते ही हैं. लेकिन अधिकतर महिलाओं को, अगर वो लकी हैं तो, मेल एक्टर की फीस का दसवां हिस्सा ही फीस में मिलता है.'

## Highlights

1. Lookout notice for Prajwal Revanna & father accused in sex scandal
2. When and why is Coal Miners Day celebrated in India?
3. Why men are burning their underwear against 'women-centric laws'
4. Congress Candidate Slaps Woman in Telangana Campaign
5. Brave bald women of Manipur remind us - violence isn't the answer
6. Hundreds fall ill at Ghaziabad society, water contamination suspected

# Google faces second day of closing arguments in US antitrust trial

**NEW DEIHI, (Agency).** The U.S. government will lay out its antitrust case against Alphabet's Google on Friday in a second day of closing arguments focused on accusations that the online search leader broke the law to stay on top in search advertising.

US District Judge Amit Mehta on Thursday peppered both sides with questions seeking to better understand the case ahead of making a ruling.

The Justice Department has hammered away at Google in a trial that started on Sept. 12, arguing the search engine giant is a monopolist and illegally abused its power to boost profits.

On Friday, Google and the government's lawyers are expected to focus their arguments on claims that Google's business contracts harmed competition for search advertising.

Witnesses from Verizon, Android maker Samsung Electronics and Google itself testified about the company's annual payments - $26.3 billion in 2021 - to



ensure that its search is the default on smartphones and browsers, and to keep its dominant market share.

Google has claimed that search advertising markets are competitive, but the government asserts that the tech giant manipulated ad auctions and could increase prices as wanted without fear of harming business.

Mehta is expected on Friday to take up the government's claim that Google intentionally destroyed internal documents that were relevant to the issues in the lawsuit. The government wants Mehta to presume that Google deleted chats that were unfavorable to the company.

Google has defended its data preservation practices, calling them reasonable, and urged the court not to sanction the company.

Google is expected to tell the court that its "search advertising technologies have proven to be incredibly valuable to advertisers" and that "search and search advertising quality and output have continually improved."


# Legal information of IPC

**Security Sector**
**@Yogesh Sharma**

Private security personnel also have the same rights as other Indian citizens. Unlike policemen and other law enforcers, they do not have any special rights. Private security personnel have to ensure that people follow the law in the place where they have to work. He can assist the police in maintaining law and order. Therefore, it is important for every private security industries employee to understand the legal aspects of his job.

Right to personal security (Section 96-106)- The right to personal security can be of a person, where he cannot immediately take the help of the police, then he himself can take the help of private security to protect his property.

1. The following precautions should be taken while exercising the right to personal security.
2. Not causing harm to anyone unless necessary to protect oneself or property.
3. The right to private defense does not apply if the police have time to go.
4. Verbal conversation, altercation/simple trespass has no bearing on the right to personal safety.
5. Disproportionate or excessive unnecessary force is not required in the exercise of the right to personal defence.
6. The following circumstances may occur while exercising the rights of private security
7. Situations like sudden death or injury etc. may occur.
8. Abduction or escape
9. Wrongful imprisonment
10. sexual harassment
11. Acid attack
12. Robbery and theft




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक